**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**07.04.2024/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

## आज के मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया झूठे वादों और दावों का पुलिंदा।
- निर्वाचन आयोग को पिछले 20 दिनों में सुविधा पोर्टल पर मिले 73 हजार से अधिक आवेदन– 44 हजार से अधिक का हुआ निपटारा।
- ऊना जिले में तालाब में डूबने से तीन प्रवासी बच्चों की मौत– टाहलीवाल में एक अन्य हादसे में डीजल टैंकर पलटने से सम्पति को भारी नुकसान।

और

- किन्नौर में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पिलाई गई पोलियो खुराक।

अब समाचार विस्तार से.............

**अनुराग ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को केवल झूठे वादों और दावों का पुलिंदा बताया है। ऊना जिले के बसदेहड़ा और सलोह में आज भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलनों में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र केवल देश को पीछे धकेलने का एजेंडा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सोच महिला विरोधी रही है और यही कारण है कि राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेता महिलाओं के खिलाफ खुलकर बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अपनी उपलब्धि बताने के लिए कुछ नहीं है और ऐसे में वह जनता को मुद्दों से भटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण नहीं दे पाई लेकिन अब भाजपा ने महिलाओं को मान–सम्मान दिया है तो कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है।

**बाईट–––––अनुराग सिंह ठाकुर**

**अनुराग ठाकुर–2**

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए शानदार काम किया है लेकिन जब कांग्रेस के अपने ही कारनामे सामने आ रहे हैं तो उसे केन्द्रीय जांच एजेंसी का दुरूपयोग करार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खुलकर साथ दिया है और अब लगातार तीसरी बार अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए भाजपा सत्ता हासिल करेगी।

**सुविधा पोर्टल**

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि आम चुनाव 2024 की घोषणा के बाद से केवल 20 दिन में ही सुविधा पोर्टल पर 73 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। सुविधा पोर्टल के माध्यम से, चुनाव प्रचार अवधि के महत्व को देखते हुए, रैलियां आयोजित करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने, घर–घर जाकर प्रचार, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने और प्रचार सामग्री वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग ने कहा प्राप्त अनुरोधों में से 44 हजार छह सौ से अधिक मंजूर किए गए हैं। दलों और उम्मीदवारों के लिए समान रूप से सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। आयोग ने कहा कि सुविधा पोर्टल चुनाव प्रबंधन में पारदर्शिता को भी बढ़ावा देता है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं को प्रदेश में उत्पन्न राजनीतिक हालात के लिए भाजपा को दोष न देने की सलाह दी है। मण्डी में आज संसदीय क्षेत्र के मीडिया सेंटर के शुभारम्भ के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार में वर्तमान हालात ऐसे हैं कि विधायक सरकार छोड़कर जा रहे हैं और मौजूदा सांसद चुनाव लड़ने से इनकार कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की नजरों और बहुमत के हिसाब से गिर चुकी है और ऐसे में मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने गैर संवैधानिक तरीके से मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियां की है जिसे लेकर न्यायालय का फैसला जल्द आने वाला है।

**कांग्रेस बैठक**

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के चयन के लिए कांग्रेस का मंथन लगातार जारी है। उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा के लिए पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी की दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें केन्द्रीय नेताओं सहित मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद उम्मीदवारों का पैनल केन्द्रीय चुनाव समिति को भेज दिया गया है। ऐसे में अब 11 अप्रैल को प्रस्तावित केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद सभी उम्मीदवारों के नाम घोषित होने की सम्भावना है।

**अनिरूद्ध सिंह**

कांग्रेस नेता और ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि पिछले करीब सवा साल के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए योजना बना कर उसे धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में जनता द्वारा भाजपा को करारा जवाब दिया जाएगा। अनिरूद्ध सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता धन–बल के माध्यम से प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

**महिला मोर्चा**

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार की प्रतिमाह 15 सौ रूपए देने की गारंटी पूरा न होने से राज्य की 27 लाख महिलाएं खुद को ठगा महसूस कर रही हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के वर्तमान कार्यकाल में महिला सुरक्षा का मुद्दा भी गौण होकर रह गया है। पुलिस की ओर से जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में वर्ष 2023 में दुष्कर्म और महिला अपहरण से जुड़े मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है।

**हादसा**

ऊना जिले के रायपुर सहोड़ा गांव में आज तालाब में नहाने के लिए उतरे प्रवासी मजदूरों के तीन बच्चों की मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने बच्चों को तालाब से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल में इन बच्चों की मृत्यु हो गई। मृतक बच्चों की पहचान उत्तर प्रदेश के सम्भल निवासी 8 वर्षीय पंकज और 11–11 वर्ष के मुकेश और ब्रमेश के रूप में हुई है।

**हादसा–2**

वहीं दूसरी ओर ऊना जिले में ही एक अन्य हादसे में टाहलीवाल के मुख्य बाजार में डीजल से भरे टैंकर के पलटने से भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई है। इस हादसे में 14 दुकानें, एक मकान और कई वाहनों के जलने का समाचार है। इस हादसे में जहां एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई वहीं करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। गम्भीर रूप से घायल एक व्यक्ति को पीजीआई रैफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भी घटना स्थल पर जाकर राहत व बचाव कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि स्थानीय प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर सम्भावित सहायता पहुंचाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**पोलियो अभियान**

किन्नौर जिले में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत आज 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई। रिकागंपिओ में उपायुक्त अमित कुमार शर्मा व कल्पा के एस.डी.एम शशांक गुप्ता ने बच्चों को पोलियो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की। उपायुक्त ने कहा कि कोई

भी बच्चा खुराक से वंचित न रहे इसके लिए जिले में करीब 4 हजार 6 सौ बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य है। आज खुराक से वंचित रहे बच्चों को अगले दो दिन तक घर–घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खुराक पिलाई जाएगी।

**विश्व स्वास्थ्य दिवस**

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस दिन लोगों को सेहत से जुड़ी समस्याओं और स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस की इस वर्ष की थीम है **'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार'।** इस थीम का उद्देश्य हर किसी को हर जगह जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य शिक्षाएं और उससे जुड़ी जानकारियां प्रदान करना है। आज ही के दिन वर्ष 1950 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना पर प्रथम विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

**मतदान सुविधा**

लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। कांगड़ा जिले की मतदाता सूचियों में 9 हजार 9 सौ 38 दिव्यांग मतदाता चिन्हित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बेरवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया जाएगा। इस विकल्प को चुनने के लिए फार्म 12डी भरना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं की तरह ही 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए भी यही व्यवस्था रहेगी।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया झूठे वादों और दावों का पुलिंदा।
- निर्वाचन आयोग को पिछले 20 दिनों में सुविधा पोर्टल पर मिले 73 हजार से अधिक आवेदन– 44 हजार से अधिक का हुआ निपटारा।
- ऊना जिले में तालाब में डूबने से तीन प्रवासी बच्चों की मौत– टाहलीवाल में एक अन्य हादसे में डीजल टैंकर पलटने से सम्पति को भारी नुकसान।

और

- किन्नौर में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पिलाई गई पोलियो खुराक।